भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2379**
जिसका उत्तर सोमवार 13 दिसंबर, 2021
22 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है

**एनआईएनएल का विनिवेश**

**2379. श्री पिनाकी मिश्रा:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) के विनिवेश की समय-सीमा क्या है जिसकी प्रक्रिया डीआईपीएएम द्वारा वर्ष 2018 से प्रगति पर है, क्योंकि एनआईएनएल के कर्मचारियों को मार्च 2020 से वेतन नहीं दिया जा रहा है;

(ख) क्या एनआईएनएल कर्मचारी को विनिवेश के दौरान वेतनमान संशोधन, विभागीय पदोन्नति, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना और पेंशन आदि जैसे लाभ प्रदान किए जाएंगे, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या विनिवेश के बाद एनआईएनएल कर्मचारियों के सेवा नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) डीआईपीएएम द्वारा एनआईएनएल को जून 2021 तक लंबित डीपीसी करने की अनुमति नहीं दिए जाने के क्या कारण हैं; और

(ड.) डीआईपीएएम द्वारा एनएमडीसी की सहायता से शुरू की गई अपनी कैप्टिव खानों की तर्ज पर इसका सेल/आरआईएनएल/एनएमडीसी के साथ विलय करके एनआईएनएल का उत्पादन शुरू किये जाने के लिए कोई पहल नहीं करने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. भागवत किशनराव कराड)**

(क) से (ड.): नीलाचल इस्पात निगम लि. (एनआईएनएल) 04 सीपीएसईस नामतः एमएमटीसी लि.(49.78%), एनएमडीसी लि.(10.10%), भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लि. (बीएचईएल) (0.68%) और मैकॉन लि.(0.68%) और ओडिशा सरकार के दो राज्य पीएसयूस नामतः इंडस्ट्रियल प्रमोशन

एंड इंवेस्टमेंट कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लि. (आईपीआईसीओएल) (12%) तथा ओडिशा माइनिंग कॉरपोरेशन लि. (ओएमसी) (20.47%) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। एमएमटीसी लि. एनआईएनएल में नियंत्रक प्रवर्तक है। एनआईएनएल में भारत सरकार की कोई शेयरधारिता नहीं है।

सरकार ने एकल सौदे के माध्यम से एनआईएनएल में सभी चारों सीपीएसईस और दो राज्य पीएसयूस की समस्त शेयरधारिता (93.71%) के रणनीतिक विनिवेश के लिए दिनांक 08.01.2020 को 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। रूचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) दिनांक 25.01.2021 को आमंत्रित की गई थी। बोलीदाताओं को संक्षिप्त सूचीबद्ध करने और उचित उद्यमिता की विस्तृत प्रक्रिया के बाद वित्तीय बोलियां आमंत्रित करने के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध अर्हताप्राप्त इच्छुक बोलीदाताओं को जारी कर दिया गया है।

कंपनी के कर्मचारियों से संबंधित मुद्दे एनआईएनएल के मौजूदा प्रबंधन और प्रवर्तकों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। एनआईएनएल ने सूचित किया है कि कर्मचारियों के वेतन की दिसंबर 2020 तक की बकाया देनदारियां संवितरित कर दी गई हैं इसके अलावा, बिक्रीकर्ता शेयरधारकों ने विनिवेश प्राप्तियों के वितरण के लिए स्वयं के बीच एक वॉटरफॉल एग्रीमेंट संपन्न किया है जिसमें एनआईएनएल की विभिन्न देनदारियों और देयताओं के भुगतान के लिए प्राथमिकता निर्धारित की गई है जिनमें बिक्री से प्राप्त धनराशि से कर्मचारियों की देनदारियों को उच्चतम प्राथमिकता दी गई है। बिक्रीकर्ता शेयरधारकों और सफल बोलीदाता द्वारा संपन्न किए जाने वाले नियत करार में कर्मचारी-संरक्षण प्रावधान किए गए हैं।

****